हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन

भारत सरकार के सभी कार्यालयों, उपक्रमों, उद्यमों, संस्थाओं में हिंदी पखवाड़ा हर वर्ष सितंबर माह में मनाया जाता है। १४ सितंबर को हिंदी दिवस के रुप में मनाया जाता है। राजभाषा हिंदी के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए हिंदी पखवाडे के दौरान अनेक हिंदी कार्यक्रम, प्रतियोगिताएँ, कवि सम्मेलन, संगोष्ठी, भारतीय स्तर पर हर विभाग द्वारा राजभाषा सम्मेलन भी आयोजित करने का प्रावधान है। हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी में अधिक कार्य करनेवाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाता है। यह देखा जाता है कि हिंदी पखवाड़े के दौरान कार्यालयों में हिंदी पत्राचार में कितना प्रतिशत कार्य बढ गया है । मा,संसदीय राजभाषा निरीक्षण समिति कार्यालय का निरीक्षण करते समय इस बात पर उचित ध्यान देती है। हिंदी पखवाडे का आयोजन कार्यालय की सुविधानुसार हिंदी दिवस के पहले या बाद में किया जाता है।

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन 2 सितम्बर से 16 सितम्बर के दौरान किया गया । हिन्दी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे हिन्दी प्रश्न मंच, प्रशासनिक शब्दावली टिप्पणी प्रतियोगिता, प्रशासनिक हिन्दी भाषा ज्ञान प्रतियोगिता, हिन्दी टंकण प्रतियोगिता, वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली प्रतियोगिता, हिन्दी निबंध प्रतियोगिता, हिन्दी भाषण प्रतियोगिता, हिन्दी व्यवहार

प्रतियोगिता एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता आदि आयोजित की गईं । जिसमें संस्थान के वैज्ञानिकों/कर्मचारियों/शोधकर्त्तओं द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया । हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह

दिनांक 16 सितम्बर 2013 को विस्तार प्रभाग स्थित सभागार में आयोजित किया गया । इस अवसर पर संस्थान संस्थान के निदेशक महोदय डॉ. यू. प्रकाशम द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए उन्हें अपना अधिक से अधिक कार्य हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी में संपादित करने हेतु प्रोत्साहित किया । निदेशक महोदय द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण प्रदान किया । हिन्दी पखवाड़ा का सफल आयोजन संस्थान के हिन्दी अधिकारी श्री राजा राम सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ । समापन समारोह के अवसर पर समूह समन्वयक अनुसंधान डॉ. एस. ए. अंसारी, समस्त प्रभागाध्यक्ष, अनुभाग अधिकारी, वैज्ञानिक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।